**Nai Dunia (Indore), 4th September 2021, Page-2**

# भारतीय विवि में आइआइटी इंदौर चौथे स्थान पर

**इंदौर।** एक निजी संस्था ने आइआइटी इंदौर को 401-500 रैंकिंग के बीच स्थान दिया है। यह भारतीय विश्वविद्यालयों में चौथे स्थान पर है। संस्था द्वारा किए गए सर्वे में 93 देशों और क्षेत्रों के 1500 से अधिक विश्वविद्यालय शामिल हैं। 13 विभिन्न मापदंडों के आधार पर संस्थानों को रैंक दी गई है। चार क्षेत्रों में एक संस्थान के प्रदर्शन को मापा जाता है, जिनमें शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण व अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण शामिल हैं। आइआइटी निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन ने कहा कि अगले साल रैंकिंग में सुधार करेंगे। **-नप्र**